व्याकरण  कक्षा - सातवीं  (हिंदी व्याकरण)

पाठ - 3 (शब्द - विचार)

प्र०1 शब्द किसे कहते हैं ? उदाहरण देकर समझाओ।
उ० वर्णों के क्रमबद्ध और सार्थक समूह को शब्द कहते हैं।
उदाहरण -: पुस्तक, गमला, मोर आदि।

प्र०2 शब्द और पद में क्या अंतर है? समझाओ।
उ० शब्द -: वर्णों के क्रमबद्ध और सार्थक समूह को शब्द कहते हैं जबकि
पद -: जब शब्द को वाक्य में बदला जाता है तो वह पद कहलाता है।

प्र०3 तत्सम और तद्भव में अंतर स्पष्ट करो।
उ० तत्सम -: संस्कृत के वे शब्द जो अपने मूल रूप में ही हिन्दी में आ गए हैं तत्सम शब्द कहलाते हैं। जबकि
तद्भव -: संस्कृत के वे शब्द जो हिन्दी में आते-आते अपना रूप बदल देते हैं तद्भव शब्द कहलाते हैं।

प्र०4 विकारी तथा अविकारी शब्द में क्या अंतर है? उदाहरण देकर स्पष्ट करो।
उ० जिन शब्दों का रूप, वाक्य में प्रयोग के समय लिंग, वचन, कारक, काल आदि के कारण बदलता रहता है, उन्हें विकारी शब्द कहते हैं जैसे संज्ञा, सर्वनाम, क्रिया विशेषण आदि।
जो शब्द वाक्य में प्रयोग करने पर लिंग, वचन, कारक और पुरुष के अनुसार नहीं बदलते हैं उन्हें अविकारी शब्द कहते हैं जैसे क्रियाविशेषण, संबंधबोधक, समुच्चय-बोधक, विस्मयादिबोधक आदि।

प्र०5 यौगिक शब्द किसे कहते हैं? यौगिक तथा योगरूढ़ शब्द में अंतर समझाओ।

Red Wings
Page No. ___ Date __/__/20__

उ० दो अथवा दो से अधिक शब्दों के मेल से बनने वाले शब्द यौगिक शब्द कहलाते हैं।

यौगिक -: दो अथवा दो से अधिक शब्दों के मेल से बने शब्द यौगिक शब्द कहलाते हैं जबकि

योगरूढ़ -: दो या दो से अधिक शब्दों के मेल से बनने वाले ऐसे शब्द जो किसी विशेष अर्थ के बोधक होते हैं उन्हें योगरूढ़ शब्द कहते हैं।